Need to increase the number of procurement centres for paddy farmers in Chandauli district, Uttar Pradesh-laid

श्री वीरेन्द्र सिंह (चन्दौली) **:** उत्तर प्रदेश में चंदौली जनपद कृषि प्रधान जनपद है । इस वर्ष धान की बेहतर उपज होने के बावजूद क्रय केंद्रों की कमी की गई है जिसके कारण किसान अपनी उपज को सरकारी केंद्र पर बेच नहीं पा रहे हैं । पिछले वर्ष करीब 180 क्रय केंद्र बनाए गए थे । उत्पादन की अधिकता और क्रय केंद्रों की कमी से किसान परेशान है । यह भी आश्चर्य है कि देश में सरकार प्रति हेक्टेयर उत्पादन अधिक हो, इस पर बल दे रही है और उसमें सफलता भी मिल रही है । सरकारी आदेश प्रति हेक्टेयर जहां 76 क्विंटल उत्पादन मानकर किसानों का रजिस्ट्रेशन क्रय केंद्रों पर निर्धारित किया गया था, उसे इस वर्ष कम करके 56 क्विंटल कर दिया गया है । इससे धान की खेती करने वाले किसान परेशान है । मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि जनपद चंदौली में क्रय केंद्रों की संख्या 200 तथा उत्पादन मानक 80 से 86 क्विंटल प्रति हेक्टेयर निर्धारित करने हेतु एडवाइजरी जारी करें ताकि किसानों को उनकी उपज बेचने में परेशानी ना हो ।